श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
( केन्द्रीय विश्वविद्यालय )
बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

क्रमांक: एफ 9/61/लाबशा/विकास/2021/३१५

दिनाँक : 02.07.2021

## कार्यालय आदेश

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत महिला अध्ययन केन्द्र के क्रियाकलापों को संचालन करने हेतु वर्तमान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा किसी प्रकार की अनुदान राशि विश्वविद्यालय को जारी नहीं की जा रही है । वर्तमान में महिला अध्ययन केन्द्र के अन्तर्गत किसी भी पद पर नियमित/बाह्यस्रोत से भर्ती नहीं की गई है । अत: कार्यकारी परिषद द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में निम्नलिखित स्वीकृति प्रदान की गई है :-

1. महिला अध्ययन केन्द्र को अस्थायी रूप से बन्द किया जा रहा है ।
2. महिला अध्ययन केन्द्र का पुस्तकालय एवं अन्य प्रकोष्ठ शोध विभाग को प्रदान किए गये हैं ।
3. 'सुमङ्गली-शोध पत्रिका' का प्रकाशन पूर्ववत् शोध विभाग द्वारा किया जायेगा ।
4. निदेशक का कक्ष प्रवेश परीक्षाओं के प्रकोष्ठ के रूप में व्यवहृत किया जायेगा ।
5. समिति कक्ष आधुनिक विद्या संकाय के अधीन होगा, जिसका आवश्यकतानुसार उपयोग विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार से किया जायेगा ।
6. महिला अध्ययन केन्द्र में उपलब्ध उपकरण/अचल सम्पति का उपयोग शोध विभाग द्वारा किया जायेगा ।

यह आदेश सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जा रहा है ।

(राजेश कुमार)
सहायक कुलसचिव (विकास)

प्रतिलिपि:

1. संकाय प्रमुख, आधुनिक विद्या संकाय
2. अध्यक्ष, शोध एवं प्रकाशन विभाग
3. कुलानुशासक
4. उपकुलसचिव (लेखा एवं विकास)
5. समस्त सहायक कुलसचिव
6. कुलपति के निजी सचिव
7. कुलसचिव के निजी सचिव
8. संबंधित पंजिका

(राजेश कुमार)
सहायक कुलसचिव (विकास)

सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर - आदेश को वेबसाइट पर डालने हेतु